
# चम्पारण ज्ञानाग्रह

**प्रार्थना-सभा सामग्री, दिनांक– 08 जनवरी 2026, अंक –187**

**प्रस्तुतिः- GOVT. PS बोदसर, बगहा-2, प. चम्पारण (10010803702)**

**सौजन्य :- "TEACHERS OF BIHAR - THE CHANGE MAKERS."**




"कर्तव्य पालन से ही चरित्र का निर्माण होता है।"
— महात्मा गांधी



एक प्रयास

विद्यार्थियों की बौद्धिक और नैतिक उन्नति की ओर....

**संपादक:- शैलेन्द्र कुमार**



www.teachersofbihar.org

# "प्रार्थना-सभा सामग्री"

## Thursday Prayer

मुझे इस दुनिया में लाया, मुझे बोलना चलना सिखाया
ओ मात पिता तुम्हे वंदन, मैंने किस्मत से तुझे पाया।
मैं जब से जग में आया, बन तब से शीतल छाया,
कभी सहलाया गोदी में, कभी कांधे पर है बिठाया।
मेरे सिर पर हाथ रख कर, बस प्यार ही प्यार लुटाया।
ओ मात पिता तुम्हे वंदन....
मैं उठाकर सर चल पाऊ, इस लायक तुमने किया है।
कहीं हाथ नहीं फैलाऊ, मुझे इतना तुमने दिया है।
मुझे जग की रीत सिखाई, मुझे धर्म का पाठ पढ़ाया।
ओ मात पिता तुम्हे वंदन....
मां-बाप की आंखों से मैं, आंसू बनकर ना गीरूगा।
मां बाप का दिल जो दुखा दे, मैं ऐसा कुछ ना करूंगा।
मां बाप के रूप में मैंने, भगवान को जैसे पाया।
ओ मात पिता तुम्हे वंदन ....
जब देव भी मात पिता के, उपकार चुका ना पाए।
नागोड़ा दरबार प्रदीप, किन शब्दों में गुण गाए।
मैं फर्ज निभा पाऊं तो, समझूंगा अश चुकाया।
ओ मात पिता तुम्हे वंदन .....

## बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार ,
तुझको शत-शत वंदन बिहार..!

तू वाल्मीकि की रामायण
तू वैशाली का लोकतंत्र,
तू बोधिसत्व की करूणा है
तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप
तू हीं अक्षत चंदन बिहार

तू है अशोक की धर्मध्वजा
तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह
तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि
धरती का नंदन वन बिहार।

तेरी गौरव गाथा अपूर्व
तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान
अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार
मेरे भारत के कंठहार ॥

## राष्ट्रीय गीत

वन्दे मातरम्।
सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्
शस्यश्यामलां मातरम्।
वंदे मातरम् !
शुभ्रज्योत्स्नां पुलकितयामिनीम्
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्
सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीम्
सुखदां वरदां मातरम्।।
वन्दे मातरम्।

## राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा
द्रविड़-उत्कल-बंग।
विंध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा
उच्छल-जलधि-तरंग।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय-गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे।।



**संकलन:-**
**शैलेन्द्र कुमार**
**प्रधान शिक्षक**
**Govt. PS बोदसर,**
**बगहा-2**

## संविधान की प्रस्तावना

हम, भारत के लोग,
भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई० (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

## मौलिक अधिकार

1. **"समता का अधिकार (Right to Equality.)" - अनुच्छेद 14–18**
2. **"स्वतंत्रता का अधिकार - (Right to Freedom.)" - अनुच्छेद 19–22**
3. **"शोषण के विरुद्ध अधिकार (Right against Exploitation.)" - अनुच्छेद 23–24**
4. **"धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (Right to Freedom of Religion.)" - अनुच्छेद 25–28**
5. **"संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार (Cultural and Educational Right.)" - अनुच्छेद 29–30**
6. **"संवैधानिक उपचारों का अधिकार (Right to Constitutional Remedies.)" - अनुच्छेद 32**

## मौलिक कर्तव्य

अनुच्छेद 51(क) – मौलिक कर्तव्य:
भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह –
(1.) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;
(2.) स्वतन्त्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;
(3.) भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे;
(4.) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;
(5.) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो; ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं;
(6.) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;
(7.) प्राकृतिक पर्यावरण, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, की रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;
(8.) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;
(9.) सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे और हिंसा से दूर रहे;
(10.) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरन्तर बढ़ते हुए प्रयत्नों द्वारा उन्नति की नई ऊँचाइयों को छू ले;
(11.) यदि वह माता-पिता या संरक्षक है, तो छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बच्चे या प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करे।

# वर्ग:- प्राथमिक (1 - 5) के लिए

## सामान्य-ज्ञान

प्रश्न: 1. भारत के वर्तमान राष्ट्रपति कौन है?
उत्तर: श्रीमती द्रौपदी मुर्मू
प्रश्न: 2. भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री कौन हैं?
उत्तर: श्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी
प्रश्न: 3. भारत के वर्तमान शिक्षामंत्री कौन हैं?
उत्तर: श्री धर्मेंद्र प्रधान
प्रश्न: 4. बिहार के वर्तमान शिक्षामंत्री कौन हैं?
उत्तर: श्री सुनिल कुमार
प्रश्न: 5. पौधे भोजन कैसे बनाते हैं?
उत्तर: प्रकाश संश्लेषण की क्रिया द्वारा
प्रश्न: 6. वर्षा का मुख्य स्रोत क्या है?
उत्तर: बादल
प्रश्न: 7. जल का सबसे बड़ा स्रोत क्या है?
उत्तर: महासागर (समुद्र)
प्रश्न: 8. पृथ्वी पर जल का प्रतिशत कितना है?
उत्तर: लगभग 71%
प्रश्न: 9. कौन-सा जानवर जंगल का राजा कहलाता है?
उत्तर: शेर
प्रश्न: 10. सबसे बड़ा स्थलीय जानवर कौन सा है?
उत्तर: हाथी

संकलन:-



पिन्टू कुमार
विद्यालय अध्यापक
UHS रामपुर, बगहा-2

## शब्द - संगम

1. Team - (टीम) - दल
2. Player - (प्लयेर) - खिलाड़ी
3. Winner - (विनर) - विजेता
4. Loser - (लूजर) - पराजित
5. Run - (रन) - दौड़ना
6. Jump - (जम्प) - कूदना
7. Catch - (कैच) - पकड़ना
8. Throw - (थ्रो) - फेंकना



संकलन:-
सौरभ कुमार
विद्यालय अध्यापक
Govt. UMS गोईती
बगहा-2, प. चम्पारण

अनुभाग-3

# "सामान्य-ज्ञान"(वर्ग:6-12)

1. 8 जनवरी को विश्व में कौन-सा दिवस मनाया जाता है? (दिवस-विशेष)
उत्तर: साक्षरता दिवस (जापान)
व्याख्या: जापान में 8 जनवरी को Literacy Day के रूप में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य समाज में पढ़ने-लिखने की संस्कृति को प्रोत्साहित करना है। यह दिवस शिक्षा के महत्व और आजीवन सीखने की भावना को रेखांकित करता है।
संदर्भ: International Days Database; Education Records.

2. जनवरी 2026 में भारत सरकार ने "किसान ड्रोन योजना" किस राज्य से शुरू की? (समसामयिकी)
उत्तर: मध्य प्रदेश
व्याख्या: कृषि मंत्रालय द्वारा जनवरी 2026 में मध्य प्रदेश से किसान ड्रोन योजना की शुरुआत की गई, जिसके तहत 50% सब्सिडी पर ड्रोन उपलब्ध कराए जाएंगे। इन ड्रोनों का उपयोग फसलों पर कीटनाशक छिड़काव, मृदा स्वास्थ्य निगरानी और फसल आकलन के लिए किया जाएगा।
संदर्भ: कृषि मंत्रालय, भारत सरकार, जनवरी 2026।

3. "The Great Indian Novel" पुस्तक के लेखक कौन हैं? (पुस्तक-लेखक)
उत्तर: शशि थरूर
व्याख्या: शशि थरूर द्वारा लिखित "The Great Indian Novel" (1989) महाभारत की कथा के माध्यम से आधुनिक भारतीय राजनीति और इतिहास का विनोदी पुनर्कथन प्रस्तुत करता है। यह उपन्यास भारतीय साहित्य में राजनीतिक व्यंग्य का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है।
संदर्भ: Penguin Books India (2026)।

4. पृथ्वी की सबसे बाहरी परत को क्या कहते हैं? (भूगोल | NCERT)
उत्तर: भूपर्पटी
व्याख्या: भूपर्पटी पृथ्वी की सबसे ऊपरी और पतली परत है, जिस पर महाद्वीप और महासागर स्थित हैं। यह मानव जीवन और प्राकृतिक संसाधनों की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 7, भूगोल, अध्याय 2 Inside Our Earth, पृ. 10.

5. "पानीपत का प्रथम युद्ध" किसके बीच हुआ था? (इतिहास)
उत्तर: बाबर और इब्राहिम लोदी
व्याख्या: पानीपत का प्रथम युद्ध 1526 में मुगल शासक बाबर और दिल्ली सल्तनत के अंतिम शासक इब्राहिम लोदी के बीच हुआ था। इस युद्ध में बाबर की जीत ने भारत में मुगल साम्राज्य की नींव रखी।
संदर्भ: NCERT Class 7 History, Ch 4 The Mughal Empire, p. 42।

# "सामान्य-ज्ञान"

6. "कावेरी नदी" किस राज्य से निकलती है? (पर्यावरण)
उत्तर: कर्नाटक
व्याख्या: कावेरी नदी का उद्गम कर्नाटक के कोडागु जिले में ब्रह्मगिरी पहाड़ियों से होता है। यह नदी कर्नाटक और तमिलनाडु की प्रमुख जलस्रोत है और बंगाल की खाड़ी में गिरने से पहले 800 किमी से अधिक दूरी तय करती है।
संदर्भ: NCERT Class 9 Geography, Ch 3 Drainage, p. 23।

7. भारतीय संविधान का "अनुच्छेद 370" किस राज्य से संबंधित था? (संविधान)
उत्तर: जम्मू-कश्मीर
व्याख्या: अनुच्छेद 370 जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा प्रदान करता था, जिसके तहत राज्य का अपना अलग संविधान था और भारतीय संसद के कानूनों का लागू होना सीमित था। इसे 2019 में संवैधानिक संशोधन द्वारा निरस्त किया गया।
संदर्भ: NCERT Class 11 Political Science, Ch 2 Rights in the Indian Constitution, p. 45।

8. "प्रकाश का अपवर्तन" किसके कारण होता है? (विज्ञान)
उत्तर: प्रकाश की गति में परिवर्तन
व्याख्या: जब प्रकाश एक माध्यम से दूसरे माध्यम में जाता है तो उसकी गति बदल जाती है, जिसके कारण प्रकाश की किरण का मार्ग मुड़ जाता है। इस घटना को अपवर्तन कहते हैं। यह लेंस, प्रिज्म और अन्य ऑप्टिकल उपकरणों के कार्य का आधार है।
संदर्भ: NCERT Class 10 Science, Ch 10 Light – Reflection and Refraction, p. 160।

9. "कथकली" नृत्य नाटक किस राज्य से संबंधित है? (कला एवं संस्कृति)
उत्तर: केरल
व्याख्या: कथकली केरल की प्रसिद्ध नृत्य नाटक शैली है, जिसमें महाकाव्यों और पुराणों की कहानियाँ सजीव वेशभूषा, मुखौटों और विस्तृत मुद्राओं के माध्यम से प्रस्तुत की जाती हैं। यह कला रंगमंच, नृत्य, संगीत और अभिनय का समन्वय है।
संदर्भ: NCERT Class 7 History, Ch 9 The Making of Regional Cultures, p. 129।

10. बिहार का "वैशाली जिला" किस प्राचीन गणराज्य की राजधानी था? (बिहार GK)
उत्तर: लिच्छवि गणराज्य
व्याख्या: वैशाली जिला प्राचीन काल में लिच्छवि गणराज्य की राजधानी था, जो विश्व के प्राचीनतम गणतंत्रों में से एक था। यह स्थान भगवान महावीर की जन्मस्थली और बुद्ध के प्रमुख उपदेश स्थल के रूप में भी प्रसिद्ध है।
संदर्भ: Bihar Board Class 9 Social Science, Ch 4 Historical Places of Bihar, p. 32।

# "सामान्य-ज्ञान"

11. "स्कूल साइबर सेफ्टी प्रोटोकॉल" में "STOP" का विस्तृत रूप क्या है? (विद्यालय सुरक्षा)
उत्तर: Screenshot, Tell, Online Report, Parent/Teacher Inform
व्याख्या: मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के साइबर सेफ्टी मॉड्यूल के अनुसार, STOP एक याद रखने वाला संकेत है: S - स्क्रीनशॉट लें, T - विश्वसनीय व्यक्ति को बताएँ, O - ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर रिपोर्ट करें, P - अभिभावक/शिक्षक को सूचित करें। यह साइबर बुलिंग और ऑनलाइन दुर्व्यवहार से बचाव की रणनीति है।
संदर्भ: Bihar SDMA स्कूल साइबर सुरक्षा दिशानिर्देश 2025, पृष्ठ 8।

12. एक संख्या का 5/7 भाग, उस संख्या के 65% से 45 अधिक है। संख्या क्या है? (मानसिक योग्यता)
उत्तर: 700
व्याख्या: माना संख्या = x
प्रश्नानुसार: $(5/7)x = (65\% \text{ of } x) + 45$, or $(5/7)x = (65/100)x + 45$,
or $(5/7)x - (13/20)x = 45$, or $[(100 - 91)/140]x = 45$, or $(9/140)x = 45$
or $x = 45 \times 140 / 9 = 700$
संदर्भ: Quantitative Aptitude for Competitive Exams, R. S. Agarwal

GK संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर
बगहा-2, प. चम्पारण ।



अनुभाग-4

## -: शब्द - संगम :-

1. Ignoramus(इग्नोरेमस)= fool(फूल)= अज्ञानी. Antonym-wise(बुद्धिमान)
2. Tiny (टायनी )= mini (मिनी) = छोटा , Antonym- Huge (बड़ा)
3. Elf (एल्फ) = Fairy (फेयरी) = छोटा जादूई प्राणी
4. Timid (टिमीड) = Coward (कवर्ड) = डरपोक, Antonym- Brave (बहादुर)
5. Yelled (एल्ड)=Shouted (शाउटेड)= चीखना, Antonym- Murmur (बड़बड़ाना)



~: संकलन :~
घनश्याम प्रसाद
प्रधान शिक्षक
Govt. PS सिधाव थारुटोला
बगहा-2 , प. चम्पारण ।

अनुभाग-5

## NATIONAL NEWS

1. Pariksha Pe Charcha 2026 registrations exceed 4 crore as PM Modi engages exam warriors nationwide.
परीक्षा पे चर्चा 2026 के पंजीकरण 4 करोड़ से अधिक हो गए; पीएम मोदी ने देशभर के एग्जाम वॉरियर्स से संवाद किया।

2. NCERT announces integration of AI modules in Class 10 Science curriculum for 2026-27 academic year.
एनसीईआरटी ने 2026-27 शैक्षणिक वर्ष के लिए कक्षा 10 विज्ञान पाठ्यचर्या में एआई मॉड्यूल्स एकीकरण की घोषणा की।

3. DST launches National Research Professorship Awards recognising 15 scientists in emerging technologies.
डीएसटी ने उभरती प्रौद्योगिकियों में 15 वैज्ञानिकों को मान्यता देते हुए राष्ट्रीय अनुसंधान प्रोफेसरशिप पुरस्कार लॉन्च किए।

## INTERNATIONAL NEWS

4. BBC reports EU Presidency transition under Cyprus focusing global science collaboration frameworks.
बीबीसी ने साइप्रस के नेतृत्व में ईयू अध्यक्षता परिवर्तन की रिपोर्ट की जो वैश्विक विज्ञान सहयोग ढांचों पर केंद्रित।

5. WHO recognises Indo-US joint research on antimicrobial resistance with global health innovation award.
डब्ल्यूएचओ ने एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध पर इंडो-यूएस संयुक्त अनुसंधान को वैश्विक स्वास्थ्य नवाचार पुरस्कार दिया।

6. CERN awards Indo-Swiss particle physics collaboration advancing quantum research applications.
सीईआरएन ने क्वांटम अनुसंधान अनुप्रयोगों को आगे बढ़ाते इंडो-स्विस कण भौतिकी सहयोग को पुरस्कार दिया।

# BIHAR NEWS

**7. Bihar SCERT honours 50 master teachers with State Excellence Awards for NCERT pedagogy innovation.**
**बिहार एससीईआरटी ने एनसीईआरटी शिक्षणशास्त्र नवाचार के लिए 50 मास्टर शिक्षकों को राज्य उत्कृष्टता पुरस्कार दिए।**

**8. Patna University establishes NCERT-backed Centre for Educational Research and Innovation.**
**पटना विश्वविद्यालय ने शिक्षा अनुसंधान और नवाचार के लिए एनसीईआरटी-समर्थित केंद्र स्थापित किया।**

# SPORTS NEWS

**9. Sports Ministry grants research funding to SAI for AI-driven athlete performance analytics.**
**खेल मंत्रालय ने एआई-चालित एथलीट प्रदर्शन विश्लेषण के लिए एसएआई को अनुसंधान फंडिंग दी।**

**10. BCCI recognises cricket coaches with Sports Science Excellence Awards for youth development.**
**बीसीसीआई ने युवा विकास के लिए खेल विज्ञान उत्कृष्टता पुरस्कारों से क्रिकेट कोचों को मान्यता दी।**



**संकलन:-**
**शैलेन्द्र कुमार**
**प्रधान शिक्षक**
**रा.प्रा.वि. बोदसर,**
**बगहा-2, प. चम्पारण ।**

अनुभाग-6

## प्रेरक संस्मरण

# “मौन कक्षाएँ, सजग विद्यालय”

शीतलहर के कारण जिलाधिकारी महोदय के आदेश से शैक्षणिक कार्य स्थगित है। बच्चे अपने-अपने घरों में हैं। आज सुबह जब मैं विद्यालय पहुँचा, तो परिसर कुछ अलग ही लगा। कक्षाएँ खाली थीं, बरामदों में बच्चों की आवाज़ नहीं थी, लेकिन विद्यालय सूना नहीं था। वातावरण में एक सजग शांति थी—जैसे हर दीवार, हर कक्ष जिम्मेदारी की भाषा बोल रहा हो।

शिक्षक समय पर विद्यालय पहुँचे। कोई उपस्थिति पंजी और अभिलेखों का संधारण कर रहा था, कोई कार्यालय कार्य में लगा था, तो कोई आने वाले दिनों की शैक्षणिक योजना पर विचार कर रहा था। ठंड के बीच भी कार्य की लय बनी रही। मुझे महसूस हुआ—विद्यालय केवल विद्यार्थियों की उपस्थिति से नहीं, बल्कि शिक्षकों की निष्ठा और अनुशासन से चलता है।

कक्षाओं के पास से गुजरते हुए बच्चों के चेहरे अनायास स्मृति में उभर आए। कौन बच्चा रजाई में बैठकर किताब खोल रहा होगा, कौन माता-पिता के साथ समय बाँट रहा होगा, कौन छोटे भाई-बहन को पढ़ा रहा होगा। शीतलहर ने उन्हें घरों में रोका है, पर सीख को नहीं। शायद आज वे सावधानी, स्वास्थ्य और जिम्मेदारी का ऐसा पाठ सीख रहे हैं, जो किसी पाठ्यपुस्तक में नहीं मिलता।

प्रधानाध्यापक होने के नाते यह अनुभूति गहरी हुई कि प्रशासनिक निर्णय केवल आदेश नहीं होते, वे संरक्षण का भाव भी साथ लाते हैं। पढ़ाई कुछ समय के लिए स्थगित हो सकती है, पर बच्चों की सुरक्षा नहीं। इस मौन में मुझे बोझ नहीं, बल्कि भरोसा दिखा—कि हर स्तर पर सजगता है।

दिन ढलते-ढलते कार्यालय कार्य व्यवस्थित हो चुका था। बाहर कोहरा और घना हो गया था। जाते समय खाली कक्षा की ओर एक बार फिर दृष्टि गई। मन में यह विश्वास था कि बहुत जल्द यहाँ फिर वही आवाज़ें लौटेंगी—और तब बच्चे केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि आज के इन दिनों से मिली समझदारी भी साथ लाएँगे।



................✍️
**मनोज कुमार**
प्रधानाध्यापक
रा.म.वि.वाल्मीकिनगर
बगहा 2, प. चम्पारण।

# पाठक पृष्ठ

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

## TLM शिक्षण अधिगम सामग्री

टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मटेरियल) शिक्षण-अधिगम सामग्री है, जो शिक्षकों द्वारा कक्षा में छात्रों को विषय समझाने के लिए उपयोग की जाती है। यह किताबें, चार्ट, मॉडल, ऑडियो-वीडियो, खेल सामग्री या डिजिटल टूल्स जैसे रूपों में हो सकती है। इसका मुख्य उद्देश्य जटिल अवधारणाओं को सरल बनाना और छात्रों की रुचि जगाना है।

एक बेहतर टीएलएम का निर्माण छात्रों की आयु, स्तर और विषय के अनुरूप होना चाहिए। सबसे पहले, आवश्यकता पहचानें—जैसे विज्ञान में मॉडल या भाषा में चित्र। सामग्री सरल, आकर्षक रंगों वाली और आसानी से उपलब्ध वस्तुओं से बनाएं। उदाहरण के लिए, कागज से बने फोल्डेबल चार्ट या रिसाइकिल सामान से मॉडल। निर्माण में सहभागिता बढ़ाने के लिए छात्रों को शामिल करें, ताकि वे खुद सीखें। लागत कम रखें और पर्यावरण-अनुकूल सामग्री चुनें।

टीएलएम के प्रमुख मानक हैं: प्रासंगिकता (विषय से जुड़ा होना), उपयोगिता (आसानी से इस्तेमाल), टिकाऊपन (लंबे समय तक चलना), सुरक्षा (कोई खतरा न हो), विविधता (विभिन्न छात्रों के लिए अनुकूल), और प्रभावशीलता (सीखने में मदद करना)। यह राष्ट्रीय पाठ्यक्रम ढांचे (एनसीएफ) के अनुसार होना चाहिए, जहां छात्र-केंद्रित और समावेशी शिक्षा पर जोर है।

शिक्षण कार्य में टीएलएम की उपयोगिता अपार है। यह छात्रों की एकाग्रता बढ़ाती है, अमूर्त विचारों को ठोस रूप देती है, जैसे गणित में ब्लॉक से आकार समझाना। इससे शिक्षण जीवंत होता है, छात्र सक्रिय भाग लेते हैं, और स्मृति में जानकारी लंबे समय तक रहती है। विशेष जरूरत वाले छात्रों के लिए यह समावेशी बनाती है। कुल मिलाकर, टीएलएम शिक्षण को प्रभावी, मजेदार और स्थायी बनाती है, जिससे छात्रों का समग्र विकास होता है।





..................✍️
**पूर्णेन्दु कुमार सत्यार्थी**
प्रधानाध्यापक
रा.उ.म.वि. बांसगांव
बगहा 2, प. चम्पारण।

CHAMPARAN GYANAGRAH

अगर आप भी अपनी रचनाओं के लिए "चम्पारण-ज्ञनाग्रह" में जगह चाहते हैं तो अपनी रचनाओं को अपने नाम, पता और फ़ोटो के साथ इस न. पर व्हॉट्सएप करें।
9939671700//9798660088//9473329076//9576503100
आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

Reg. No. BR/2025/0487469

# "चम्पारण-ज्ञानाग्रह"

## आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

# Thank You..

## बच्चों के हितार्थ अपना बहुमूल्य समय देने के लिए...!!!




**संपादक:-**

**शैलेन्द्र कुमार**

'प्रधान शिक्षक'

Govt. PS बोदसर,

बगहा-2, प. चम्पारण।

(10010803702)

📱- 9939671700


अगर आपके मन में कोई नया विचार, कोई इवेंट, कोई एक्टिविटी या किसी बदलाव की पहल है, तो कृपया टीम में बताइए।


+917250818080

teachersofbihar@gmail.com

+917250818080

www.teachersofbihar.org